लिये वे लोग चीन जा रहे हैं और चीन से हथियार लेकर वापस आ रहे हैं— इक्के-दुक्के का सवाल होता तो समझ में आ सकता था, लेकिन जब 700–800 लोग जाते हैं तो सरकारी सेना क्या कर रही है, आपकी सिक्योरिटी फौर्सेज क्या कर रही हैं ?

श्रीमती इन्दिरा गांधी : इस पर हाउस में पहले भी चर्चा हो चुकी है और यह सच है कि ऐसे कुछ ग्रुप्स गये हैं, काफ़ी उन को रोका गया है, लेकिन कुछ निकल गये हैं, इस के लिये हम और जोरों से कोशिश कर रहे हैं, बार्डर जितना भी बन्द हो सके, वह हो, लेकिन यह चीज एक दम नहीं हो सकती, आहिस्ता-आहिस्ता हो सकती है, जितनी तेज़ी से कर सकते हैं, कर रहे हैं, फिर भी जितनी तेज़ी से होना चाहिये, वह नहीं हुआ है ।

लेकिन मणिपुर की जो बात उठाई गई है, उसके लिये मैंने पहले भी कहा था कि उस का सामना सफलतापूर्वक हो रहा है और वहां की स्थिति काफ़ी काबू में आई है ।

श्री ओ० प्र० त्यागी (मुरादाबाद) : क्या सरकार को इस बात की जानकारी प्राप्त हुई है कि चाइना की सरकार नागालैण्ड को अब समूचे असम में फैला कर स्वतन्त्र असम का नारा लगवाने के पक्ष में है । वर्मा में रहने वाले जो नागा लोग हैं, उनको अपने पक्ष में करके उनके द्वारा बर्मा की टैरिटरी के द्वारा वे चाइना जाकर ट्रेनिंग ले रहे हैं तथा इस शान्ति वार्ता की आड़ में वे लोग पूरी तैयारी कर रहे हैं ? अगर यह जानकारी सरकार के पास है और जैसा प्रधान मंत्री महोदया ने अभी कहा कि अधिकांश नागा हमारे पक्ष में आ गये हैं — तो मैं जानना चाहूंगा कि इसे अधिक सस्पेंस में न रख कर क्या सरकार उन नागाओं के साथ जो हमारे पक्ष में आ गये हैं, कोई फाइनल समझौता करके इस बात को हमेशा के लिये खत्म कर दे, ताकि भावी खतरा आपके सामने न आये, चाइना असम में जो साउथ-वियतनाम बनाने की योजना बना रहा है, वह न बन सके ? क्या सरकार जल्द से जल्द अपना कोई डिसीजन घोषित करने के लिये तैयार है ?

श्रीमति इन्दिरा गांधी : ऐसे मामलों में बहुत जल्दी नहीं हो सकती है । हम नागालैण्ड सरकार के साथ बातचीत कर रहे हैं और जो उचित होगा, वह अवश्य करेंगे । चीन का जो खतरा है – जिसके बारे में माननीय सदस्य ने कहा है—वह सच है, और भी इलाकों में है और उस का जोरों से सामना कर रहे हैं ।

श्री अटल बिहारी वाजपेयी (बलरामपुर): वर्मा वालों से जो बातचीत हो रही है, उस को भी बतायें ?

श्रीमती इंदिरा गांधी : जी हां, इस की चर्चा हुई थी ।

PAPERS LAID ON THE TABLE

NOTIFICATION AMENDING THE INDIAN TARIFF ACT, 1934

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF COMMERCE (SHRI MOHD. SHAFI QURESHI): I beg to lay on the Table :—

(1) A copy of Notification No. S.O. 576 published in Gazette of India dated the 7th February, 1968, making certain amendments to the Second Schedule to the Indian Tariff Act, 1934, under sub-section (2) of section 4A of the said Act.

(2) A statement showing reasons for delay in laying the above Notification.

[*Placed in Library, see* No. LT-516/68]

COMMITTEE ON PRIVATE MEMBERS' BILLS AND RESOLUTIONS

TWENTY-FOURTH REPORT

SHRI KHADILKAR (Khed) : Sir I beg to present the Twenty-fourth Re-